# विश्व क्षय रोग रिपोर्ट, 2023

## प्रिलिम्स के लिये:

ग्लोबल टी.बी. रिपोर्ट 2023, क्षय रोग (टीबी), कोविड-19, मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट टी.बी. (MDR-TB), संयुक्त राष्ट्र (UN), विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO), यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (UHC)।

## मेन्स के लिये:

विश्व क्षय रोग रिपोर्ट, 2023, केंद्र और राज्यों द्वारा आबादी के सुभेद्य वर्गों के लिये कल्याणकारी योजनाएँ एवं इन योजनाओं का प्रदर्शन

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **विश्व स्वास्थ्य संगठन** (WHO) ने **विश्व क्षय रोग रिपोर्ट, 2023 (Global TB Report 2023)** जारी की है, जिसमें वर्ष 2022 में विश्वभर में क्षय रोग के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को उजागर किया गया है।

- वर्ष 2022 में विश्वभर में क्षय रोग के सर्वाधिक मामले (2.8 मिलियन टी.बी. मामले) भारत में पाए गए थे, यह अर्थव्यवस्था पर क्षय रोग के कारण पड़ने वाले वैश्विक बोझ का 27% है।

## विश्व क्षय रोग रिपोर्ट 2023 के मुख्य निष्कर्ष क्या हैं?

- **क्षयरोग का बोझ:**
    - कोविड-19 के बाद वर्ष 2022 में विश्वभर में होने वाली मौतों का दूसरा प्रमुख कारण क्षय रोग था।
    - क्षयरोग के कारण ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस **(HIV)/एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम स्टेज** (AIDS) की तुलना में लगभग दोगुनी मौतें होती हैं। प्रत्येक वर्ष 10 मिलियन से अधिक लोग क्षय रोग से पीड़ित होते हैं।
    - वर्ष 2022 में विश्वभर में कुल मामलों में क्षय रोग से प्रभावित होने वाले शीर्ष 30 देशों की सामूहिक भागीदारी 87% थी।
        - शीर्ष देशों में भारत के अतिरिक्त, इंडोनेशिया, चीन, फिलीपींस, पाकिस्तान, नाइजीरिया, बांग्लादेश और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य शामिल हैं।
- **क्षय रोग निदान में वृद्धि:**
    - वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर 7.5 मिलियन TB से पीड़ित लोगों का निदान किया गया, जो वर्ष 1995 से WHO द्वारा वैश्विक TB निगरानी शुरू करने के बाद से दर्ज किया गया सबसे बड़ा आँकड़ा है।
- **उपचार की कमी के कारण उच्च मृत्यु दर**:
    - क्षय रोगों में उपचार की कमी के कारण मृत्यु दर लगभग 50% अधिक है।
    - हालाँकि वर्तमान में WHO द्वारा अनुशंसित उपचार (क्षयरोग-रोधी दवाओं का 4-6 महीने का कोर्स) से क्षय रोग से पीड़ित लगभग 85% लोगों के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है।
- **TB निदान एवं उपचार में वैश्विक पुनर्प्राप्ति:**
    - दो वर्षों के **कोविड-19 से संबंधित व्यवधानों के बाद वर्ष 2022 में T.B से पीड़ित तथा उपचार** किये गए लोगों की संख्या में सकारात्मक वैश्विक सुधार हुआ है।
    - भारत, इंडोनेशिया तथा फिलीपींस जैसे देशों की वैश्विक कटौती में 60% से अधिक की हिस्सेदारी है।
- **TB की घटना दर:**
    - TB की घटना दर, जो प्रति वर्ष प्रति 100,000 जनसंख्या पर नए मामलों का आंकलन करती है, में वर्ष 2020 से 2022 के बीच 3.9% की वृद्धि हुई है।
    - इस वृद्धि ने **प्रति वर्ष लगभग 2% की गिरावट की प्रवृत्ति को उलट दिया जो पिछले दो दशकों से** देखी जा रही थी।

## भारत से संबंधति क्या नषि्करष हैं?

- **भारत में TB के मामले में मृत्यु दर का अनुपात:**
    - भारत में TB के मामलों में **मृत्यु दर का अनुपात 12%** बताया गया है, जो दर्शाता है कि **देश में TB के 12% मामलों में मृत्यु** हुई।
    - रिपोर्ट का अनुमान है कि **वर्ष 2022 में भारत में TB से संबंधति 3,42,000 मृत्यु** हुईं, जिनमें HIV-नकारात्मक व्यक्तियों में 3,31,000 तथा HIV वाले 11,000 लोग शामिल थे।
- **मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट TB (MDR-TB):**
    - भारत में वर्ष 2022 में मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट TB (MDR-TB) के 1.1 लाख मामले दर्ज किये गए, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट के रूप में MDR-TB की निरंतर चुनौती को प्रदर्शित करते हैं।

## रिपोर्ट की सिफारिशें क्या हैं?

- वर्ष 2030 तक वैश्विक TB महामारी को समाप्त करने के लिये तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है जो **संयुक्त राष्ट्र (UN)** और WHO के सभी सदस्य राष्ट्रों द्वारा अपनाया गया एक लक्ष्य है।
- सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल (UHC) **यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक है कि जिन सभी लोगों को TB रोग या संक्रमण के इलाज की आवश्यकता है, वे इन उपचारों तक पहुँच सकें।**
- गरीबी, अल्पपोषण, HIV संक्रमण, धूम्रपान और मधुमेह से ग्रसित TB के संभावित निर्धारकों को इस रोग से बचाव के लिये बहुक्षेत्रीय कार्रवाई की भी आवश्यकता है ताकि TB रोग से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या को कम किया जा सके।

## क्षय रोग (Tuberculosis) क्या है?

- **परिचय:**
    - क्षय रोग **माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस के कारण होने वाला एक संक्रमण** है। यह व्यावहारिक रूप से शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है। इनमें सबसे आम हैं फेफड़े, फुस्फुस (फेफड़ों के चारों ओर की परत), लिम्फ नोड्स, आँत, रीढ़ और मस्तिष्क।
- **ट्रांसमिशन:**
    - यह एक वायवीय संक्रमण है जो संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से फैलता है, विशेषकर खराब वेंटिलेशन वाले घनी आबादी वाले स्थानों में।
- **लक्षण:**
    - TB के सामान्य लक्षण हैं बलगम वाली खाँसी और कभी-कभी खून आना, सीने में दर्द, कमज़ोरी, वज़न कम होना, बुखार तथा रात में पसीना आना।
- **इलाज:**
    - TB एक इलाज योग्य उपचारात्मक बीमारी है। इसका इलाज 4 रोगाणुरोधी दवाओं के 6 महीने के मानक पाठ्यक्रम के साथ किया जाता है जिसके तहत एक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता या प्रशिक्षित स्वयंसेवक द्वारा रोगी को जानकारी, पर्यवेक्षण एवं सहायता प्रदान की जाती है।
    - TB-रोधी दवाओं का उपयोग दशकों से किया जा रहा है और सर्वेक्षण किये गए प्रत्येक देश में एक या अधिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी उपभेदों का दस्तावेज़ीकरण किया गया है।
- **बहुऔषधि- रोधी क्षय रोग (MDR-TB):**
    - MDR-TB का उपचार बेडाक्विलिन जैसी दूसरी पंक्ति की दवाओं के उपयोग से संभव है।
        - व्यापक रूप से **औषधि- रोधी क्षय रोग (XDR-TB)** MDR-TB का एक अधिक गंभीर रूप है जो बैक्टीरिया के कारण होता है, जिस पर **दूसरी सबसे प्रभावी क्षय रोग प्रतिरोधी दवाओं का प्रभाव नहीं पड़ता है** जिसके कारण रोगियों के पास आमतौर पर उपचार का अन्य कोई विकल्प नहीं बचता है।
        - यह बैक्टीरिया के कारण होने वाली TB का एक रूप है जिस पर आइसोनियाज़िड और रिफैम्पिसिन जैसी सबसे प्रभावशाली क्षय रोग प्रतिरोधी औषधियों का कोई असर नहीं होता है।

## टीबी से निपटने हेतु क्या पहलें हैं?

- **वैश्विक पहलें:**
    - विश्व स्वास्थ्य संगठन ने **ग्लोबल फंड और स्टॉप टी.बी. पार्टनरशिप** के साथ एक संयुक्त पहल **"फाइंड. ट्रीट. ऑल. #EndTB"** की शुरुआत की है।
    - विश्व स्वास्थ्य संगठन **'ग्लोबल ट्यूबरकुलोसिस रिपोर्ट'** भी जारी करता है।
- **भारतीय पहलें:**
    - क्षय रोग उन्मूलन (2017-2025) हेतु **राष्ट्रीय रणनीतिक योजना (NSP)**, निक्षय पारिस्थितिकी तंत्र (राष्ट्रीय टी.बी. सूचना प्रणाली), निक्षय पोषण योजना (NPY- वित्तीय सहायता), **'टी.बी. हारेगा, देश जीतेगा अभियान'**।
    - वर्तमान में क्षय रोग के उपचार हेतु **दो टीके** विकसित एवं चिह्नित गए हैं जो **VPM (वैक्सीन प्रोजेक्ट मैनेजमेंट) 1002 और MIP (माइकोबैक्टीरियम इंडिकस प्रानी)** हैं। ये टीके वर्तमान में नैदानिक परीक्षण के चरण-3 से गुज़र रहे हैं।
    - वर्ष 2018 में **निक्षय पोषण योजना** शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य पोषण संबंधी ज़रूरतों के लिये प्रतिमाह 500 रुपए का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT) प्रदान कर प्रत्येक क्षय रोगी की सहायता करना था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-tb-report-2023